SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS: B.A. I[st] (Hons.), PAPER-2[nd], UNIT: II[nd]

TOPIC: ASIA – PETROLEUM

BY:— Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography
D. B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga.

LECTURE No. 29 (Email: sanjaykumar.phd@gmail.com)

आधुनिक युग में संसार की बढ़ती हुई यातायात के साधन की माँग तथा तेज रफ्तार से चलने वाले यन्त्रों की चालक शक्ति की पूर्ति पैट्रोलियम से की जाती है। औद्योगिक युग का विकास एवं विस्तार बहुत कुछ अंश तक खनिज तेल की प्राप्ति पर निर्भर करता है।

पैट्रोलियम अथवा खनिज तेल एक तरल पदार्थ है जो छिद्रों में होता है। यह नवीन युग की परतदार चट्टानों में जल तथा गैस के मिश्रित रूप में मिलता है। बाद में इसे शोधन करके तेल प्राप्त किया जाता है। इसका निर्माण जीव-जन्तुओं तथा वनस्पति चट्टानों के बीच दब जाने पर रासायनिक प्रक्रियाओं द्वारा होता है। इसे साफ करके इससे मोम, वैसलीन, चिकनाई, पैराफीन, आदि भी बनाये जाते हैं।

→ **उत्पादन**

एशिया महाद्वीप विश्व का लगभग 40% खनिज तेल अथवा पैट्रोलियम का उत्पादन करता है। एशिया महाद्वीप का दक्षिणी-पश्चिमी एशिया सबसे अधिक पैट्रोलियम का उत्पादन करता है। दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के तेल उत्पादक देश ईरान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत, कतार, बहरीन, टर्की, इजराइल, आदि हैं। दक्षिणी-पूर्वी एशिया तथा एशियाई रूस में भी तेल का उत्पादन किया जाता है। दक्षिणी-पूर्वी एशिया के पैट्रोलियम उत्पादक देश हिन्देशिया, चीन, ब्रुनी, मलेशिया, बर्मा, आदि हैं।

Scanned with CamScanner

⇒ दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के तेल क्षेत्र :-

दक्षिणी-पश्चिमी एशिया आज केवल एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा पैट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र है। यहाँ पर पैट्रोलियम का अपार भण्डार है। दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के देशों में तेल के अनेक भण्डार (कुएँ) हैं और इन तेल भण्डारों को तेल पाइप द्वारा आपस में जोड़ दिया गया है। यह तेल पाइप भूमध्य सागर के पूर्वी किनारे के तट तक फैले हुए हैं। हैफा तथा त्रिपोली बन्दरगाहों को इस तेल की बहुत बड़ी मात्रा इन पाइपों द्वारा पहुँचा दी जाती है जहाँ से तेल का निर्यात किया जाता है। हैफा तथा त्रिपोली एशिया के प्रसिद्ध तेल निर्यात करने वाले केन्द्र हैं। ईरान का अबादान तेल शोधन करने का विश्व का सबसे बड़ा केन्द्र है तथा यह विश्व का सबसे बड़ा तेल निर्यात करने वाला बन्दरगाह है। दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के प्रमुख देशों के तेल क्षेत्र निम्न हैं:—

① **सऊदी अरब** — संयुक्त राज्य अमेरिका तथा रूस के बाद सऊदी अरब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। इस देश के प्रमुख तेल क्षेत्र अल खाकर, अबकेक, दाफर, शेदगम, दम्माम, सफानिया, कातिफ, खुरेस, आबू-अली, आबू-हिरेन, फज्ली, आदि हैं। रासतनूरा यहाँ का तेल शोधन केन्द्र है। यहाँ से अधिकांश तेल निर्यात हेतु भूमध्य सागर स्थित हैफा बन्दरगाह को तेल पाइप लाइन द्वारा भेज दिया जाता है।

② **ईरान** —

सऊदी अरब के बाद ईरान एशिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। लेकिन पिछले युद्ध के कारण ईरान का खनिज तेल उत्पादन गिर गया था। यहाँ प्रमुख तेल क्षेत्र आगाजारी, मस्जिदे सुलेमान, हफ्ते-केल, गाकसारन, लफ्त खनाह, नफ्ते शाह, नफ्ते सफीद, लाली, गुलखरी, मारून आदि हैं। अबादान तथा करमनशाह यहाँ के तेल शोधन केन्द्र हैं।

Scanned with CamScanner

③ इराक -

इराक के प्रमुख तेल क्षेत्र ऐनजलेह, मौसल, कैयारा, किरकुक, जाम्बुरी, नहर उमर, जुबैर, रूमैला, बसरा, खानकिन इत्यादि है। किरकुक यहाँ का सबसे बड़ा तेल क्षेत्र है। दौरा तथा करमनशाह में तेल शोधन कारखाने हैं। इराक अपने कुल तेल उत्पादन का लगभग 80% भाग निर्यात कर देता है।

④ कुवैत -

कुवैत का स्थान तेल उत्पादन में एशिया में चौथा है। यहाँ तेल फारस की खाड़ी के तट के समीप फैला हुआ है। यहाँ के प्रमुख तेल क्षेत्र बरगान, अलजहरा, मगव इत्यादि है। मीना अल-अहमदी तेल शोधन केन्द्र तथा तेल निर्यात करने वाला बन्दरगाह है।

⑤ कतार -

फारस की खाड़ी के पश्चिमी तट पर स्थित कतार दक्षिणी-पश्चिमी एशिया का महत्वपूर्ण तेल उत्पादक क्षेत्र है। यहाँ तेल निकालने के लगभग 25 कुएँ हैं। दुखन तेल क्षेत्र यहाँ का सबसे बड़ा तेल उत्पादक क्षेत्र है।

⑥ बहरीन - कुवैत एवं कतार के मध्य स्थित बहरीन फारस की खाड़ी का एक महत्वपूर्ण द्वीप है। बेहासि यहाँ सबसे बड़ा तेल क्षेत्र है। बहरीन में तेल शोधन कारखाना है।

⑦ सीरिया - यहाँ तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र बनियास है। होम्स नगर में तेल शोधन कारखाना है।

⑧ टर्की - टर्की के प्रमुख तेल उत्पादन क्षेत्र गरजन, रमनदाग, कुस्तालाम, मौबिल, बटीरामन, जेरमिक हैं। यहाँ माँग से कम तेल का उत्पादन होता है अतएव आयात करना पड़ता है।

NOTE:- दक्षिणी-पूर्वी एशिया के तेल क्षेत्र, Lecture no. 30 में देखें।

Scanned with CamScanner